भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

04.12.2024 के

अतारांकित प्रश्न सं. 1494 का उत्तर

देश में मॉडल स्टेशनों में स्तरोन्नयन किये गये रेलवे स्टेशनों की संख्या

1494. श्री कामाख्या प्रसाद तासा:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि देश के लोग यात्रा के लिए रेलवे पर निर्भर हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) देश में कितने रेलवे स्टेशनों का आदर्श स्टेशनों के रूप में उन्नयन किया गया है; और

(घ) देश में कितनी रेलगाड़ियों से लोगों को सेवाएं प्रदान की जा रही हैं?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ) रेल परिवहन का अत्यंत लोकप्रिय साधन है। इसमें प्रतिदिन लगभग 1.9 करोड़ यात्री यात्रा करते हैं। वर्ष 2023-24 के दौरान, भारतीय रेल ने प्रतिदिन 13,000 से अधिक रेलगाड़ियों का परिचालन किया।

भारतीय रेल पर स्टेशनों का आधुनिकीकरण/उन्नयन/पुनर्विकास, सतत् एवं निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है तथा इस संबंध में कार्य, पारस्परिक प्राथमिकता और निधियों की उपलब्धता के अध्यधीन आवश्यकतानुसार किए जाते हैं।

वर्तमान में, भारतीय रेल पर स्टेशनों का उन्नयन/आधुनिकीकरण/पुनर्विकास, 'अमृत भारत स्टेशन योजना' के तहत किया जा रहा है। अब तक, इस योजना के अंतर्गत 1337 स्टेशनों का चयन किया गया है। इस योजना में दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ निरंतर आधार पर स्टेशनों के विकास की परिकल्पना की गई है।

इस योजना में प्रत्येक रेलवे स्टेशन पर आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए मास्टर प्लान तैयार करना और रेलवे स्टेशनों पर स्टेशन पहुंच, परिचलन क्षेत्र, प्रतीक्षालय, शौचालय, आवश्यकतानुसार लिफ्ट/एस्केलेटर, स्वच्छता में सुधार लाने, मुफ्त वाई-फाई, 'वन स्टेशन वन प्रोडक्ट' जैसी योजनाओं द्वारा स्थानीय उत्पादों के लिए कियोस्क, बेहतर यात्री सूचना प्रणाली, एक्जीक्यूटिव लाउंज, व्यावसायिक बैठकों के लिए नामोदिष्ट स्थान, भूदृश्य निर्माण आदि जैसी सुविधाओं में सुधार के लिए चरणों में कार्यान्वयन शामिल है।

इस योजना में आवश्यकता, चरणबद्ध रूप से और व्यवहार्यता के अनुसार, स्टेशन भवन में सुधार, रेलवे स्टेशन का शहर के दोनों भागों के साथ एकीकरण, मल्टी-मोडाल एकीकरण, दिव्यांगजनों के लिए सुविधाएं, दीर्घकालिक और पर्यावरण अनुकूल समाधान, गिट्टी रहित पटरियों की व्यवस्था और दीर्घकाल में 'रूफ प्लाजा' और रेलवे स्टेशन पर सिटी सेन्टर्स के निर्माण की संकल्पना की गई है।

******